प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 05.09.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. **केन्द्र सरकार ने राज्यों और केन्द्र–शासित प्रदेशों से 10 सितम्बर से पहले सभी चिकित्सा संस्थानों में डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों की सुरक्षा के लिए किये गये उपायों की रिपोर्ट मांगी।**
2. **केंद्र ने ईपीएफओ पंजीकृत कर्मचारियों को किसी भी बैंक से अपनी पेंशन प्राप्त करने की सुविधा वाली केंद्रीकृत पेंशन भुगतान प्रणाली को दी मंजूरी।**
3. **भाजपा और आजसू ने उत्पाद सिपाही भर्ती के दौरान अभ्यर्थियों की मौत पर फिर राज्य सरकार को घेरा, मुख्यमंत्री ने किया पलटवार, कहा– कोरोना के गलत टीके के प्रभाव से हो रही हैं मौतें।**
4. **झारखंड समेत देश भर में आज मनाया जा रहा है शिक्षक दिवस, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू नयी दिल्ली में बोकारो की डॉ. आशा रानी समेत 82 शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से करेंगी सम्मानित।**

   और
5. **मौसम विभाग ने रांची, पलामू और धनबाद समेत राज्य के कई हिस्सों में आज भारी बारिश और वज्रपात को लेकर जारी किया येलो अलर्ट।**

****

केन्द्र सरकार ने राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों से कहा है कि वे 10 सितम्बर से पहले सभी चिकित्सा संस्थानों में डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए किये गये उपायों की रिपोर्ट उसे भेजें। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव अपूर्व चन्द्र ने इस संबंध में सभी राज्यों के मुख्य सचिवों और पुलिस महानिदेशकों को पत्र लिखा है। उनसे कहा गया है कि वह प्रत्येक क्षेत्र और जिले में अधिक भीड़ वाले अस्पतालों की पहचान करें और वहां प्राथमिकता के आधार पर कार्यरत चिकित्सा कर्मियों की सुरक्षा सुनिश्ति करें।

****

कर्मचारी भविष्य निधि योजना के तहत पेंशन पाने वाले लोग अब पहली जनवरी 2025 से देश के किसी भी हिस्से में किसी भी बैंक से अपनी पेंशन प्राप्त कर सकेंगे। इससे 78 लाख से अधिक पेंशन भोगियों को लाभ होगा। केंद्रीय श्रम और रोजगार मंत्री डॉक्टर मनसुख मांडविया ने इसे कर्मचारी भविष्य निधि संगठन–ईपीएफओ की बड़ी उपलब्धि बताया है।

****

उत्पाद सिपाही भर्ती प्रक्रिया को लेकर नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने एक बार फिर राज्य सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट कर कहा है कि हेमंत सरकार ने भर्ती के जो नियम बनाये हैं, उसकी वजह से आज राज्य के युवाओं की मौत हो रही है।

****

इधर, आजसू पार्टी ने भी उत्पाद सिपाही भर्ती के दौरान युवाओं की मौत पर राज्य सरकार को जिम्मेवार ठहराया है। गुमला में विधानसभा स्तरीय चूल्हा प्रमुखों के सम्मेलन के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए पार्टी प्रमुख सुदेश महतो ने कहा कि सरकार को युवाओं की मौत की जवाबदेही लेनी होगी।

****

इस बीच मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पहली बार उत्पाद सिपाही भर्ती के दौरान युवाओं की मौत पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा है कि युवाओं की मौत कोरोना के गलत टीके का प्रभाव है।

****

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने बांग्लादेशी घुसपैठ के मुद्दे पर फिर राज्य सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा है कि संताल परगना समेत पूरे राज्य की डेमोग्राफी बदली है। श्री मरांडी ने सरकार से पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की है।

****

इधर, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इस मामले में भाजपा पर पलटवार किया है। श्री सोरेन ने भाजपा के चुनाव सह प्रभारी और असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा पर निशाना साधते हुए कहा कि वे झारखंड में सांप्रदायिक सौहार्द्र बिगाड़ने की कोशिश कर रहे हैं।

****

जामताड़ा जिले में प्रधानमंत्री जन मन योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए कई स्तरों पर उपाय किये जा रहे हैं। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

****

गिरिडीह जिले में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। किसानों को इसके लिए जागरुक किया जा रहा है। जिले के उपायुक्त नमन प्रेयस लकड़ा ने बताया कि जिले में अबतक एक लाख उनसीस हजार किसानों ने फसल बीमा के लिए आवेदन दिया है। उन्होंने कहा कि बीमा योजना कराने की तिथि पन्द्रह दिन बढ़ा दी गयी है। उपायुक्त ने किसानों से इस योजना का लाभ उठाने का आग्रह किया है।

****

झारखंड समेत पूरे देश में आज शिक्षक दिवस, समारोहपूर्वक मनाया जा रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज नई दिल्ली के विज्ञान भवन में एक समारोह में 82 शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार– 2024 से सम्मानित करेंगी। इनमें बोकारो की चंदनक्यारी स्थित प्लस टू हाई स्कूल की शिक्षिका डा. आशा रानी भी शामिल हैं। आशा रानी झारखंड से एक मात्र ऐसी शिक्षिका हैं जिनका चयन इस पुरस्कार के लिए किया गया है।

****

इधर, कोडरमा जिले के झुमरी तिलैया में शिक्षक दिवस के अवसर पर गुरु शिखर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अन्य लोगों के अलावा विधायक डा. नीरा यादव भी शामिल हुईं। उन्होंने उल्लेखनीय योगदान के लिए कई शिक्षकों को सम्मानित किया। मौके पर उन्होंने कहा कि सभ्य समाज के निर्माण में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका है।

****

मौसम विभाग ने राजधानी रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में आज भारी बारिश का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। इसके लिए विभाग की ओर से येलो अलर्ट जारी किया गया है। रांची के अलावा जिन जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की गयी है उनमें पलामू, रामगढ़, गुमला, लोहरदगा, खूंटी, सिमडेगा, चतरा, हजारीबाग, कोडरमा, गिरिडीह, धनबाद और बोकारो भी शामिल हैं। इन जिलों में वज्रपात की भी संभावना व्यक्त की गयी है।

******समाप्त******